बुलन्द शहर का बुलन्द अखबार
नागपुर भास्कर
होम लैन ... | पेज 20
दैनिक भास्कर नागपुर बुधवार, 2 मार्च 2022 bhaskarhindi.com

PAREKH RV JEWELLERS
Itwari, Sarafa Bazar, Nagpur
Todays Gold Rate
22 K 916 BIS Hallmark Rate
49,100/-
24 K Gold Coin Available
Making Charges 8% to 15%
Ph.: 0712-2774054, 2774053

21 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

# अधिकारी सीखेंगे मृदा सर्वेक्षण और प्रयोगशाला विश्लेषण की नई तकनीक

भास्कर संवाददाता | नागपुर

मृदा संसाधन अध्ययन विभाग, राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो में मंगलवार को 21 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 'मृदा सर्वेक्षण और प्रयोगशाला विश्लेषण की तकनीक' का उद्घाटन कृषि वैज्ञानिक भर्ती मंडल के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सी. डी. मायी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सिंचाई अनुसंधान एवं विकास निदेशालय (डीआईआरडी) पुणे द्वारा प्रायोजित किया गया, जिसमें महाराष्ट्र सरकार के 19 मृदा सर्वेक्षण अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

**45 वर्ष से लगातार कर रहा अनुसंधान** : मुख्य अतिथि डॉ. सी. डी. मायी ने बताया कि मृदा स्वास्थ्य में सुधार के लिए ब्यूरो विगत 45 वर्ष से लगातार अनुसंधान कर रहा है, जिसका लाभ प्रशिक्षार्थियों को मिलेगा। महाराष्ट्र में चल रही भूमि सुधार परियोजनाओं में सहयोग प्राप्त होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ब्यूरो के निदेशक डॉ. बी. एस. द्विवेदी ने बताया कि प्रशिक्षण में मृदा सर्वेक्षण की आधुनिक तकनीक सिखाई जाएगी। मृदा संसाधन अध्ययन विभाग के प्रमुख डॉ. पी. चंद्रन ने बताया कि आज तक ब्यूरो ने 100 से भी अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं, जिसका लाभ लगभग ढाई से तीन हजार कृषि विभागों और कृषि विश्वविद्यालयों के कर्मचारियों को मिला है। प्रशिक्षण के पाठ्यक्रम निदेशक डॉ. आर. पी. शर्मा ने कार्यक्रम का आयोजन किया। अंत में समन्वयक डॉ. डी. वासु ने धन्यवाद दिया।